# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-mail–: nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site www.bikanermc.org


क्रमांक/स्व. /2021/ 5430-35 27 अप्रेल, 2021

**ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना सं. 01 (2021–22)**

बीकानेर नगर निगम क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा स्थापित कोविड केयर केन्द्रों एवं अन्य स्थानों पर आवश्यक कार्य हेतु 100 सफाई श्रमिक प्रतिदिन आपूर्ति के लिए अनुबंध पर कार्यादेश जारी होने की दिनांक से एक वर्ष के लिए उपलब्ध कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते निगम की वेबवाईट www.bikanermc.org एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं। निविदाएं वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड हेतु उपलब्ध हैं।
कार्य की अनुमानित लागत :– 1,08,00,000/–

आयुक्त
नगर निगम बीकानेर

क्रमांक/स्व. /2021/ 5430-35 27 अप्रेल, 2021
प्रतिलिपि :–

1. माननीय महापौर महोदया, बीकानेर नगर निगम।
2. श्रीमान् निदेशक जनसम्पर्क एवं प्रकाशन विभाग राजस्थान जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि संलग्न निविदा का प्रकाशन निम्नानुसार विक्रय तिथि से समुचित समय पूर्व कम से कम स्पेस में नियमानुसार राज्य सरकार की प्रकाशन नीति के अनुरूप एक राज्य स्तरीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र एवं वृहत परिचालन वाले एक अखिल भारतीय स्तर का अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशन करवाने की व्यवस्था करें।
3. श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, बीकानेर।
4. मुख्य लेखाधिकारी बीकानेर नगर निगम।
5. ओसवाल डाटा, बीकानेर नगर निगम को भेजकर लेख है कि निविदा को नगर निगम की वेबसाईट पर प्रकाशन करावें।
6. नोटिस बोर्ड बीकानेर नगर निगम।

आयुक्त
नगर निगम बीकानेर

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905

**E-mail–: nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site www.bikanermc.org**

**क्रमांक/स्व. /2021/** 5425–29 | 27, **अप्रेल, 2021**

## ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना सं. 01 (2021–22)

बीकानेर नगर निगम क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा स्थापित कोविड केयर केन्द्रों तथा अन्य स्थानों पर आवश्यक कार्य हेतु 100 सफाई श्रमिक प्रतिदिन आपूर्ति के लिए अनुबंध पर कार्यादेश जारी होने की दिनांक से एक वर्ष के लिए उपलब्ध कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 17-5-21 निविदा अपलोड करने की अंतिम दिनांक 18-5-21 एवं तकनिकी बिड खोलने की ~~अंतिम~~ दिनांक 20-5-21 है। निविदा की शर्ते निगम की वेबवाईट www.bikanermc.org एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती हैं।

कार्य की अनुमानित लागत :– 1,08,00,000/–

**आयुक्त**
**नगर निगम बीकानेर**

**क्रमांक/स्व. /2021/** 5425–29 | 27 **अप्रेल, 2021**

प्रतिलिपि :–

1. माननीय महापौर महोदया, बीकानेर नगर निगम।
2. श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, बीकानेर।
3. मुख्य लेखाधिकारी बीकानेर नगर निगम।
4. ओसवाल डाटा, बीकानेर नगर निगम को भेजकर लेख है कि निविदा को नगर निगम की वेबसाईट पर प्रकाशन करावें।
5. नोटिस बोर्ड बीकानेर नगर निगम।

**आयुक्त**
**नगर निगम बीकानेर**

# बीकानेर नगर निगम

## तकनीकी बिड निविदा प्रपत्र

1. ई–निविदा सूचना संख्या – 01/2021–22
2. कार्य का नाम :– कोविड केयर केन्द्रों एवं अन्य स्थानों पर आवश्यक कार्य हेतु आवश्यक्तानुसार सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य
3. फर्म का नाम :–
6. डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 17-5-2021 6:00 PM तक
7. अपलोड करने की अंतिम तिथि 18-5-2021 6:00 PM तक
8. तकनिकी बीड खोलने की दिनांक 20-5-2021 11:00 AM

(http://eproc.rajasthan.gov.in)

| क्र.सं. | दस्तावेज का विवरण | √ करें |
|---|---|---|
| 1. | फर्म/संवेदक का रिश्तेदार नगर निगम बीकानेर में कार्यरत नही होने तथा ब्लेक लिस्ट नही होने का 50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र। | संलग्न है/नहीं है |
| 2 | 50/– रूपये स्टाम्प पर घोषणा (बिड सिक्यूरिटी डिक्लेशन) संलग्न प्रारूप में | संलग्न है/नहीं है |
| 3 | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि अथवा शपथ पत्र। | संलग्न है/नहीं है |
| 4 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि। | संलग्न है/नहीं है |
| 5 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि। | संलग्न है/नहीं है |
| 6 | वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीयन प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि। | संलग्न है/नहीं है |
| 7 | आय कर (पैन नम्बर) पंजीयन प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि। | संलग्न है/नहीं है |
| 8 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत द्वारा जारी | संलग्न है/नहीं है |
| 9 | पिछले पांच वर्षो में से किसी भी एक वर्ष का सरकारी या अर्द्वसरकारी संस्थाओं में किये गये सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य के अनुमानित लागत के 30 प्रतिशत के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र | संलग्न है/नहीं है |

आयुक्त
बीकानेर नगर निगम

क्रम संख्या 1 से 09 की पूर्ति होने पर ही निविदा का द्वितीय भाग (वित्तीय बीड) खोली जायेगी। संलग्न दस्तावेजों की प्रतियां स्केन करके अपलोड कर दी गई है। संलग्न शर्तो पर निर्धारित संख्या में श्रमिक आपूर्ति कार्य करने के लिए सहमत हूँ।

**निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील**

# वितिय बिड निविदा दर प्रपत्र

1. ई–निविदा सूचना संख्या – 01/2021–22

2. कार्य का नाम :– कोविड केयर केन्द्रों एवं अन्य स्थानों पर आवश्यक कार्य हेतु आवश्यक्तानुसार सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य
3. फर्म का नाम :–

आयुक्त
नगर निगम बीकानेर

## दर प्रस्ताव

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बीकानेर नगरय क्षेत्र में स्थित कोविड केयर केन्द्रों एवं अन्य स्थानों पर आवश्यक कार्य हेतु आवश्यक्तानुसार सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य | प्रति श्रमिक प्रतिदिन कार्य हेतु दरे निविदा शर्तों के अनुसार समस्त करों व व्यय सहित रूपये<br>अंकों में ..........................................................................<br>शब्दों में .......................................................................... |
| 2. | बीकानेर शहर को छोड़कर बीकानेर जिले के अन्य स्थानों पर आवश्यक कार्य हेतु आवश्यकतानुसार सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य | प्रति श्रमिक प्रतिदिन कार्य हेतु दरे निविदा शर्तों के अनुसार समस्त करों व व्यय सहित रूपये<br>अंकों में..........................................................................<br>शब्दों में..........................................................................<br>.......................................................................... |

उक्त दी गई दर पर कार्य तकनीकी बिड में संलग्न शर्तो अनुसार कार्य करने तथा समस्त करों एवं ईपीएफ/ईएसआई भरने आदि के लिए सहमत हूँ।

**निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील**

**कोविड केयर केन्द्रों पर आवश्यक कार्य हेतु आवश्यक्तानुसार सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य के लिए की निविदा सूचना संख्या 01 वित्तीय वर्ष 2021–22 की निविदा शर्ते**

1. बीकानेर नगर निगम क्षेत्र एवं जिले के अन्य कोविड केन्द्र पर आवश्यक्तानुसार सफाई श्रमिक प्रतिदिन आपूर्ति के लिये एक वर्ष अथवा अन्य कोई आदेश होने तक जो भी पहले हो अनुबंध पर उपलब्ध करवानें होगें तथा आवश्यकतानुसार सफाई श्रमिकों की संख्या में वृद्धि व कमी की जा सकेगी।
2. निविदादाता का कोई भी निजी रिश्तेदार बीकानेर नगर निगम में कार्यरत नही होने का शपथ–पत्र रू 50/– के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटेरी से प्रमाणित करवाकर प्रति संलग्न करनी होगी एवं 50/– रूपये स्टाम्प पर घोषणा (बिड सिक्यूरिटी डिक्लेशन) संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. फर्म को जारी GST न एवं PAN नं की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।
4. पिछले पांच वर्षों में से किसी भी एक वर्ष का सरकारी या अर्द्वसरकारी संस्थाओं में किये गये सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य के अनुमानित लागत के 30 प्रतिशत के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र
5. इस निविदा सूचना एवं निविदा की शर्तो को विभाग की वेबसाईट www.bikanermc.org एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता हैं। निविदा दो भागों में तकनीकी बिड तथा वितीय बिड में होगी। निर्धारित दस्तावेज तकनीकी बिड में ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा। तकनीकी बिड में सफल निविदादाता की ही वितीय बिड खोली जावेगी।
6. सफल निविदादाता को कार्यादेश जारी करने से पूर्व ही निगम में नियमानुसार 2.5 प्रतिशत धरोहर राशि निगम में जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा संबंधित समस्त शुल्क जैसे ई–टेण्डरिंग निविदा प्रक्रिया शुल्क आदि नगर निगम की वेबसाईट www.bikanermc.org पर ऑनलाईन ही जमा करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा खोलेने की तिथि को किसी कारणवश यदि सम्पूर्ण निविदाऐं नही खोली जा सकती है, तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष निविदाऐ खोलने का कार्य जारी रखा जावेगा।
9. कार्यादेश प्राप्ति होने के 07 दिवस में निविदा दाता को आवश्यक्तानुसार सफाई श्रमिक आपूर्ति उपलब्ध करवानें होगें ।
10. संवेदक द्वारा कॉविड केयर केन्द्र पर आपूर्ति किये जाने वाले सफाई श्रमिकों के साथ कोई दुर्घटना होती है अथवा उन्हें कोरोना हो जाता है या कोरोना के कारण सफाई श्रमिकों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व संवेदक का ही होगा। इसमें निगम किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।
11. कार्य दिवस सोमवार से रविवार तक होगा। सफाई श्रमिकों को किसी भी प्रकार से कोई अवकाश देय नही होगा। प्रत्येक सात दिवस में कोविड केयर केन्द्र पर कार्यरत सफाई श्रमिकों को हटाकर उनके स्थान पर नवीन सफाई श्रमिक केन्द्र पर उपलब्ध करवाने होंगे। केन्द्र पर कार्य कर चुके सफाई श्रमिकों को सात दिवस के लिए क्वॉरंटाईन किया जाना अनिवार्य होगा।
12. नगर निगम द्वारा सफाई श्रमिकों के बनाये गये गठित दल का सुपरवाईजर (जमादार) संवेदक का ही होगा। उसकी सफाई श्रमिकों में गिनती नहीं होगी। कार्यरत सफाई श्रमिक का निगम से प्रत्क्षतः कोई संबंध नहीं होगा एवं ना ही किसी अधिकारों की मांग करेगा। सफाई श्रमिक पूर्णरूप से संवेदक के प्रति उत्तरदायी होगें।
13. सफाई श्रमिको को रेडियम जैकेट, मास्क, ग्लब्स, जूते आदि उपकरण संवेदक को उपलब्ध करवाने होगे तथा सफाई से संबंधित समस्त संशाधन एवं उपकरण भी संवेदक द्वारा ही उपलब्ध करवाए जावेगे।
14. सफल निविदादाता द्वारा नगर निगम बीकानेर तीन पारियों (प्रातः,दोपहर एवं रात्रि) में निर्धारित संख्या में सफाई श्रमिको की आपूर्ति देनी होगी। संबधित स्वच्छता निरीक्षक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रतिदिन संवेदक द्वारा प्राप्त सफाई श्रमिको की संख्या का अंकन कर प्रस्तुत करना होगा। प्रत्येक पारी के समय में यदि नगर निगम द्वारा परिवर्तन किया जाता है तो संवेदक को निर्धारित समयानुसार सफाई श्रमिको की आपूर्ति देनी होगी।

15. निविदादाता द्वारा उपलब्ध करवाये गये सफाई श्रमिक (मय उपकरण) वयस्क होने आवश्यक होगें तथा 18 वर्ष से 40 वर्ष तक की आयु एवं हस्ट–पुष्ट श्रमिक (मय उपकरण) तथा मृदुभाषी हो वो ही उपलब्ध करवाने होगें। बीमार व कमजोर सफाई श्रमिक (मय उपकरण) स्वीकार नहीं किये जायेगें। अगर कोई सफाई श्रमिक किसी अधिकारी/कर्मचारी या जमादार, जनप्रतिनिधि तथा आम नागरिक के साथ अभद्र व्यवहार करता है तो उस सफाई श्रमिक को तुरन्त प्रभाव से हटाया जावेगा।
16. निविदादाता द्वारा उपलब्ध करवाये गये सफाई श्रमिक (मय उपकरण) की उपस्थिति संख्या व कार्य का प्रमाणीकरण संबंधित स्वच्छता निरीक्षक/स्वच्छता प्रभारी एवं प्रभारी द्वारा किया जावेगा, समस्त प्रमाणिकरण की औपचारिकताऐं पूर्ण होने पर भुगतान किया जावेगा। भुगतान नगर निगम की सुविधानुसार किया जावेगा। भुगतान मे विलम्ब होने के कारण जन स्वास्थय से जुडा कार्य होने के कारण निविदाकार द्वारा सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य बंद नही किया जावेगा।
17. सफाई श्रमिक (मय उपकरण) आपूर्ति की कार्य अवधि कार्यादेश जारी होने की दिनांक से एक वर्ष तक मान्य होगी। आगामी निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने एवं उनके कार्यादेश जारी होने तक सफल निविदादाता को निगम द्वारा आदेश दिये जाने पर अवधि समाप्त होने के पश्चात् भी इसी दर एव शर्तो पर निर्धारित संख्या में सफाई श्रमिक (मय उपकरण) उपलब्ध करवानें होगें। संवेदक द्वारा सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य हेतु मना नहीं किया जावेगा।
18. संवेदक को निर्धारित मात्रा में सफाई श्रमिक मय उपकरण उपलब्ध करवाने होंगे अन्यथा प्रतिदिन प्रति सफाई श्रमिक 500/– रू की पेनेल्टी लगाई जावेगी। पेनेल्टी उसी माह के प्रस्तुत बिल में से काटी जावेगी।
19. निविदादाता को श्रम नियमों का पालन करना होगा सफाई श्रमिक (मय उपकरण) के बीमा (इन्श्योरेन्स) एवं पी.एफ. जमा आदि करवाने की जिम्मेवारी सफल निविदादाता की होगी । सफाई श्रमिक (मय उपकरण) को वेतन चुकाने की जिम्मेवारी भी निविदादाता की होगी। निगम द्वारा मात्र स्वीकृत निविदा दर पर ही प्रमाणित कार्य का भुगतान किया जायेगा ।
20. सफल निविदादाता को राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशो /आदेशो की पालना करनी होगी। राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित सभी कर जैसे जीएसटी आदि चुकाने की जुम्मेवारी सफल निविदादाता की होगी। निविदादाता को ठोस कचरा प्रबंधन नियमो का पालन करना होगा।
21. राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम दर आने पर मान्य नहीं होगी अर्थात् सफल संवेदक को न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान नहीं करना होगा।
22. निविदादाता द्वारा उपलब्ध सफाई श्रमिक (मय उपकरण) के कार्य करते समय चोट लगना, या अन्य कोई दुर्घटना हो जाती है तो सफाई श्रमिक (मय उपकरण) का ईलाज व अन्य मुआवजा आदि चुकाने की जिम्मेवारी निविदादाता की होगी। सफाई श्रमिक घायल अथवा मृत्यु होने पर मुआवजा/दावा राशि की जिम्मेवारी निविदादाता की होगी ।
23. संवेदक द्वारा प्रतिमाह किये गये कार्यो का मासिक बिल आगामी माह की 10 तारीख तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने होगें। बिल विलम्ब से प्रस्तुत करने पर संवेदक को विलम्ब से प्रस्तुत करने का कारण अंकित करना होगा। उपायुक्त, प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक से प्रस्तुत प्रमाणित करवाना होगा।
24. निविदा दाता को दरें स्वीकृत की सूचना के उपरान्त कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व निगम के साथ नियमानुसार नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर क्रय कर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा। जिसमें निविदा शर्तो का उल्लेख होगा। अनुबंध नहीं होने की दशा में ठेका निरस्त किया जा सकेगा एवं जमा शुदा धरोहर राशि को भी जब्त किया जा सकता है।
25. यदि सफल निविदाता द्वारा आपूर्ति कार्य सन्तोषजनक रूप से सम्पादित नही करता है, या आपूर्ति कार्य मे असफल रहता है, तो निगम अन्य व्यक्ति/फर्म से सफाई श्रमिको की आपूर्ति लेकर सफाई कार्य करवाने के लिए स्वतंत्र होगा। अन्य से सफाई श्रमिको की आपूर्ति लेने से सफल निविदाकार एवं अन्य की दरो के अधिक भुगतान के अन्तर राशि की वसूली संवेदक की रिस्क एन्ड कॉस्ट पर की जावेगी। अधिक वसूली संवेदक की जमा अमानत राशि, सुरक्षित धरोहर राशि, बकाया बिलो में से जैसी भी स्थिति हो वसूल की जा सकेगी।

26. कार्य का निरीक्षण किसी भी समय निगम के महापौर/आयुक्त/उपायुक्तगण/स्वास्थ्य अधिकारी/प्रभारी/ स्वच्छता निरीक्षक द्वारा किया जा सकेगा।
27. उक्त निविदा अनुबंध स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस कचरा प्रबंधन में निविदा होने पर तथा राज्य सरकार से विशेष निर्देश प्राप्त होने पर अनुबंध की अवधि को पूर्व में भी समाप्त किया जा सकेगा। जिसके लिए कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।
28. निविदा दाता द्वारा किसी भी निविदा शर्तो/अनुबंध की अवहेलना करने पर निगम द्वारा ठेका निरस्त कर जमा धरोहर राशि जब्त की जा सकेगी ।
29. इस निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का एकाधिकार (Absolute Right) निगम में निहित है। जिसका कारण बताने को निगम बाध्य नहीं है ।
30. निविदा में किसी भी तहर का विवाद होने पर अंतिम निर्णय आयुक्त/महापौर नगर निगम बीकानेर का मान्य होगा। नियम एवं शर्तों में किये गये किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन का अधिकार आयुक्त के पास सुरक्षित होगा।
31. ईपीएफ एवं ईएसआई जमा करवाने की समस्त जिम्मेवारी सफल निविदादता की ही होगी। संबंधित विभाग में किसी भी तरह का बकाया होगा तो उसकी भी समस्त जिम्मेवारी सफल निविदादाता की ही होगी। इसके लिए निगम किसी भी तरह से उतरदायी नहीं होगा। ईपीएफ एवं ईएसआई जमा राशि के चालान सफाई श्रमिकों के नाम सहित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
32. निविदा में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के प्रावधान लागू होंगे।
33. निविदा के बारे में न्यायिक विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्र बीकानेर होगा ।

स्वास्थ्य अधिकारी | मुख्य लेखाधिकारी | सहायक अभियन्ता यान्त्रिक | उपविधि परामर्शी | उपायुक्त

राजस्थान सरकार
वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग

क्रमांक : एफ.2(1)वित्त/जीएण्डटी–एसपीएफसी/2017 जयपुर, दिनांक : 23.12.2020

## परिपत्र

वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ. 2(1)वित्त/जीएण्डटी – एसपीएफसी/2017 दिनांक 18.12.2020 द्वारा आरटीपीपी नियम, 2013 के नियम 42(2) में संशोधन करते हुए आमंत्रित की जाने वाली आगामी बोलियों के संदर्भ में दिनांक 31.12.2021 तक बिड सिक्यूरिटी राशि प्राप्त नहीं करने एवं इसके स्थान पर बिड सिक्यूरिटी के संबंध में घोषणा पत्र (Declaration) प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है।

चूंकि उक्त नियमों में बिड सिक्यूरिटी राशि के स्थान पर बिड सिक्यूरिटी के संबंध में घोषणा पत्र (Declaration) प्राप्त करने का नवीन प्रावधान किया गया है। अतः समस्त उपापन संस्थाओं के उपयोगार्थ बिड सिक्यूरिटी के संबंध में लिए जाने वाले घोषणा पत्र (Declaration) का मानक प्रारूप संलग्न प्रेषित है। राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 की धारा 3 सपठित अनुसूची के अनुच्छेद 4 के अनुसार घोषणा पत्र (Declaration) पर 50/– रूपये स्टाम्प ड्यूटी देय है तथा इस स्टाम्प ड्यूटी की राशि पर नियमानुसार 30 प्रतिशत सरचार्ज देय है। अतः समस्त उपापन संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि बिड सिक्यूरिटी के संबंध में प्रस्तुत किए जाने वाले घोषणा पत्र (Declaration) पर उक्तानुसार राजस्थान राज्य में स्टाम्प ड्यूटी एवं सरचार्ज का भुगतान सुनिश्चित करावें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार

(विमल कुमार गुप्ता)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. सचिव, राज्यपाल/प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री/विशिष्ट सहायक समस्त मंत्रीगण/राज्य मंत्रीगण ।
2. उप सचिव, मुख्य सचिव/निजी सचिव, समस्त अति. मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/ शासन सचिव/विशिष्ट शासन सचिव ।
3. सचिव, राजस्थान विधानसभा, राजस्थान, जयपुर ।
4. सचिव, लोकायुक्त सचिवालय, राजस्थान, जयपुर ।
5. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर ।
6. रजिस्ट्रार, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर/जयपुर ।
7. प्रधान महालेखाकार ए एण्ड ई राजस्थान जयपुर ।
8. प्रधान महालेखाकार ऑडिट राजस्थान जयपुर ।
9. समस्त संयुक्त शासन सचिव/उप शासन सचिव/सचिवालय के समस्त अनुभाग/विभाग ।
10. समस्त विभागाध्यक्ष/जिला कलक्टर/संभागीय आयुक्त।
11. रजिस्ट्रार, राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर ।
12. समस्त वित्तीय सलाहकार/मुख्य लेखाधिकारी ।
13. समस्त कोषाधिकारी ।
14. समस्त उपापन संस्थाएं।
15. तकनीकी निदेशक वित्त विभाग को भेजकर लेख है परिपत्र को वित्त विभाग की वेबसाईट पर प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करावें।
16. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव

Room No. 5128, First Floor, Main Building, Government Secretariat, Jaipur (Raj.) - 302005
Phone No. 0141-2227921 www.finance.rajasthan.gov.in E-mail - jsfgt@rajasthan.gov.in

# Form of Bid-Securing Declaration

Date :
Bid No. :
Alternative No. :

To :
-----------------------------------------------
-----------------------------------------------

We, the undersigned, declare that:

We understand that, according to your conditions, bids must be supported by a Bid-Securing Declaration.

We accept that we are required to pay the bid security amount specified in the Term and Condition of Bid, in the following cases, namely :-

(a) when we withdraw or modify our bid after opening of bids;
(b) when we do not execute the agreement, if any, after placement of supply/work order within the specified period;
(c) when we fail to commence the supply of the goods or service or execute work as per supply/work order within the time specified;
(d) when we do not deposit the performance security within specified period after the supply/work order is placed;and
(e) if we breach any provision of code of integrity prescribed for bidding specified in the Act and Chapter VI of these rules.

In addition to above, the State Government shall debar us from participating in any procurement process undertaken for a period not exceeding three years in case where the entire bid security or any part thereof is required to be forfeited by procuring entity.

We understand this Bid Securing Declaration shall expire if :-

(i) we are not the successful Bidder;
(ii) the execution of agreement for procurement and performance security is furnished by us in case we are successful bidder;
(iii) thirty days after the expiration of our Bid.
(iv) the cancellation of the procurement process; or
(v) the withdrawal of bid prior to the deadline for presenting bids, unless the bidding documents stipulate that no such withdrawal is permitted.

Signed :-----------------------------------
Name :-----------------------------------
In the capacity of :--------------------------
Duly authorized to sign the bid for and on behalf of :

Dated on day of
Corporate Seal -----------------------------------

**[Note: In case of a Joint Venture, the Bid Securing Declaration must be signed in name of all partners of the Joint Venture that is submitting the bid.]**

